रखते लाज श्याम धणी सरकार | by Mukesh Kumar

मेरे श्याम धणी सरकार भक्तों की रखते लाज
जो आये तेरे दरबार बनते सब उसके काज
जो भी धाम तुम्हारे आता बनते उसके काम
मेरे श्याम धणी सरकार.....

हर घर में तेरा ही सुमिरण श्याम धणी सरकार
सुनते हो सबकी फरियादें जो भी आये दरबार
सबकी बिगड़ी बनाने वाले पूरण करते काज
मेरे श्याम धणी सरकार.....

श्याम तेरे चरणों की धूलि जिस पर भी पड़ जाए
सबके दुखड़े तुम हरते हो पाप सभी मिट जाए
जो भी जपता नाम तुम्हारा रखते उसकी लाज
मेरे श्याम धणी सरकार.....

हर तरफ तेरा ही जलवा तेरी ऊँची शान
तेरा ही तो नूर समाया बाबा सकल जहान
सब पर बाबा किरपा करना रखना सर पे हाथ
मेरे श्याम धणी सरकार.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%96%e0%a4%a4%e0%a5%87-%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%9c-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a7%e0%a4%a3%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a4%b0%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-mukesh-kum/